आरोप | अध्यक्ष और सीएमओ मिलकर भ्रष्टाचार को दे रहे बढ़ावा : मुंजारे

# नपा में चल रहा डीजल घोटाला !

**नवभारत, बालाघाट।** पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रेस वार्ता में कहा कि उनकी निजी वाहन के डीजल टैंक की क्षमता 45 लीटर है लेकिन रिकार्ड में एक ही बार में 76 लीटर 73 लीटर और 71 लीटर तक डीजल भरवाया जाना दर्शाया गया है।

### डीजल की चोरी

पूर्व सांसद ने कहा कि सूचना का अधिकार के तहत यह जानकारी उन्हें मिली है।उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब किसी वाहन के डीजल टैंक की अधिकतम क्षमता ही 45 लीटर है, तो उसमें 70 लीटर से अधिक डीजल कैसे भरा जा सकता है। यह तकनीकी रूप से असंभव है और इससे स्पष्ट होता है कि डीजल की हेराफेरी और चोरी की गई है।

### मामले की जांच की जाए

कंकर मुंजारे ने आरोप लगाया कि यह मामला सीधे तौर पर भ्रष्टाचार और डीजल घोटाले की ओर इशारा करता है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### गंदा पानी मिल रहा

पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने कहा कि नगर पालिका बालाघाट को इतना गंदा पानी दे रही है कि न पीने लायक न कपड़े धोने के काबिल। उन्होंने प्रेस वार्ता में एक बरनी में गंदा पानी लेकर आए हुए थे। उन्होंने दावा किया कि यह पानी 5 जनवरी को नगर पालिका द्वारा उनके घर में सप्लाई किया गया था। चाहे तो इसकी जांच करवा सकती है नगर पालिका।

पूर्व सांसद ने बरनी में रखे पानी को दिखाते हुए कहा कि यह पानी पीने तो दूर कपड़े धोने लायक भी नहीं है। उन्होंने कहा कि यही स्थिति नगर के कई वार्डों की है। जहां नागरिकों को बेहद गंदा और दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### पाइपलाइन में भ्रष्टाचार

कंकर मुंजारे ने नगर में जलापूर्ति के लिए बिछाई गई पाइपलाइन पर कहा कि नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी आपसी मिलीभगत से घटिया गुणवत्ता की पाइपलाइन बिछवा दी है। पाइपलाइन की मोटाई मानकों से कम है। जिससे भविष्य में बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।उन्होंने यह भी कहा कि कई वार्डों में पाइपलाइन नालियों के अंदर से बिछाई गई है। यदि ऐसी पाइपलाइन में जरासा भी छेद हो जाए तो गंदा पानी सप्लाई लाइन में मिल सकता है। जिससे जनस्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

### इंदौर में ये कैसे हो गया

वार्ता के दौरान कंकर मुंजारे ने इंदौर जलकांड को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पर भी निशाना साधा और कहा कि उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। साथ ही उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जो शहर स्वच्छता के नाम पर तीन बार अवार्ड ले चुका हो, वहां ऐसी घटना का होना बेहद निंदनीय है।पूर्व सांसद ने मांग की कि नगर पालिका की जलापूर्ति व्यवस्था, पाइपलाइन कार्य और गुणवत्ता की स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच कराई जाए। ताकि आम नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल मिल सके और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।

### सीएमओ का खुला संरक्षण

पूर्व सांसद ने सीधे तौर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीडी कतरोलिया पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके संरक्षण में नगर पालिका के कई कार्यों में भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों की अनदेखी और संरक्षण के कारण ही गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है।

## 1917718 .87 मेट्रिक टन धान का उपार्जन

**बालाघाट।** नागरिक आपूर्ति निगम की क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीमती साधना परस्ते ने बताया कि खरीफ विपणन उपार्जन वर्ष 2025-26 के लिए धान उपार्जन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अब तक संभाग अंतर्गत कुल 395695 किसानों के विरुद्ध 309837 किसानों से 1917718.87 मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। श्रीमती परस्ते ने बताया कि 194992 किसानों को कुल 276697.24 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। किसानों को भुगतान की कार्यवाही सतत की जा रही है। साथ ही कुल उपार्जित मात्रा के विरूद्ध 1518734.79 मेट्रिक टन धान का परिवहन किया गया है।

# किसानों को अब ई-विकास पोर्टल से मिलेगी खाद

**नवभारत, बालाघाट।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया है। प्रदेश में नवीन ई-विकास प्रणाली को आगामी 10 जनवरी 2026 से सभी जिलों में विस्तारित किया जायेगा। इस संबंध में विगत दिन महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान जबलपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इस नई प्रणाली के तहत प्रदेश की समस्त प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां, डबललॉक केंद्र, मार्केटिंग सोसाइटी और निजी विक्रेता शामिल होंगे। पोर्टल पर पंजीयन के बिना कोई भी रिटेलर उर्वरक विक्रय नहीं कर सकेगा और सभी जिलों में खाद की बिक्री केवल इसी प्रणाली के माध्यम से की जाएगी। खाद प्राप्त करने के लिए किसान को अपने आधार नंबर के माध्यम से ई-विकास पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के बाद किसान की भूमि की जानकारी एग्रीस्टैक के माध्यम से स्वत: प्रदर्शित होगी। किसान को पोर्टल पर भूमि के खसरा नंबर और बोई जाने वाली फसल का चयन करना होगा, जिसके आधार पर उर्वरक की मात्रा निर्धारित की जाएगी और किसान को एक ई-टोकन या मैसेज प्राप्त होगा।

इस टोकन को लेकर किसान निर्धारित विक्रय केंद्र पर जाकर खाद खरीद सकेंगे। विक्रेता मोबाइल ऐप के माध्यम से किसान के ई-टोकन को स्कैन करेंगे, जिससे उन्हें दी जाने वाली खाद की सही मात्रा दिखाई देगी। इसके बाद पीओएस मशीन के जरिए खाद का विक्रय किया जाएगा। जिन किसानों की जानकारी एग्रीस्टैक पर उपलब्ध नहीं है, जैसे बटाईदार या पट्टाधारी, उनके लिए पोर्टल पर अलग से पंजीयन की सुविधा दी गई है, जिसका सत्यापन राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी द्वारा किया जाएगा। भविष्य में इस प्रणाली के अंतर्गत किसानों को उर्वरक की होम डिलीवरी सेवा भी प्रदान की जाएगी।

# जल है तो कल है , जल जीवन मिशन से बदली ग्राम सिहोरा की तस्वीर

**बालाघाट।** 'जल है तो कल है' यह कथन ग्राम सिहोरा, ग्राम पंचायत सिहोरा, विकासखण्ड लालबर्रा, जिला बालाघाट (म.प्र.) में आज पूरी तरह साकार होता दिखाई दे रहा है। जिला मुख्यालय से लगभग 32 किलोमीटर दूर स्थित यह ग्राम, जहाँ कभी शुद्ध पेयजल एक बड़ी चुनौती हुआ करता था, आज जल जीवन मिशन के माध्यम से स्वच्छ, सुरक्षित और सतत जल आपूर्ति का उदाहरण बन चुका है।

ग्राम सिहोरा की वर्तमान जनसंख्या लगभग 1907 है। यहाँ के अधिकांश निवासी कृषि एवं मजदूरी पर निर्भर हैं। कुछ वर्ष पूर्व तक गाँव में पीने और दैनिक उपयोग के लिए पानी लाना अत्यंत कठिन कार्य था। ग्रामीणों को दूर-दराज के कुओं, तालाबों और हैंडपंपों पर लाइन लगाकर पानी लाना पड़ता था। इसमें अत्यधिक समय और श्रम लगता था, जिससे घरेलू एवं कृषि कार्यों में विलंब होता था। कई बार समय पर खेतों में कार्य न हो पाने से गरीब किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता था। इसके साथ ही शुद्ध पेयजल की उपलब्धता न होने के कारण गाँव में उल्टी, दस्त, बुखार जैसी जलजनित बीमारियाँ आम थीं, जिससे ग्रामीणों को शारीरिक कष्ट के साथ-साथ आर्थिक हानि भी सहनी पड़ती थी।

परंतु जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन के बाद ग्राम सिहोरा के जीवन में ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिला। अब ग्रामीणों को घर-घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। समय पर स्वच्छ जल मिलने से बीमारियों में उल्लेखनीय कमी आई है। बच्चे और बड़े सभी स्वस्थ रहने लगे हैं। महिलाएँ अब दूर से पानी ढोने के कठिन कार्य से मुक्त हो गई हैं, जिससे उनका समय बच रहा है और वे घरेलू व अन्य कार्य सुचारु रूप से कर पा रही हैं।

शुद्ध जल की निरंतर उपलब्धता से कृषि कार्य समय पर होने लगे हैं, जिससे उत्पादन और आय में भी सुधार हुआ है। बच्चे समय पर स्कूल जाने लगे हैं और ग्रामीणों के दैनिक जीवन में अनुशासन व सुविधा बढ़ी है।

# अध्यक्ष-सचिव का शपथ ग्रहण समारोह

दी गई बधाई

**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष इंद्रजीत भोज ने जिला बास्केटबॉल संघ के नव नियुक्त अध्यक्ष पार्श्वेन्द्र पारधी एवं सचिव सचिन भोज को उनके पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पार्श्वेन्द्र पारधी और सचिन भोज के नेतृत्व में जिले में बास्केटबॉल खेल को नई दिशा और गति मिलेगीऔर

विश्वास व्यक्त किया कि नए पदाधिकारी खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने, उभरती खेल प्रतिभाओं को निखारने तथा जिले में खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक और प्रभावी कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ना न केवल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। नई नियुक्तियों से जिले के बास्केटबॉल खिलाड़ियों में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है।

जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष पार्श्वेन्द्र पारधी एवं सचिव सचिन भोज का शपथ ग्रहण समारोह 7 जनवरी 2026 को होटल मलिकार्जुन बालाघाट में आयोजित किया गया। समारोह में भूतपूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन, नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर तथा नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नरेंद्र सिंह परिहार, संतोष चौरसिया, सुशील पालीवाल, तपेश असाटी, सुधीर चौधरी, आदित्य पंडित सहित जिले के अनेक बास्केटबॉल खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे। सभी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।इस अवसर पर अध्यक्ष पार्श्वेन्द्र बंडू पारधी एवं सचिव सचिन भोज ने कहा कि जिले में बास्केटबॉल गतिविधियों का विस्तार किया जाएगा और खिलाड़ियों को बेहतर मंच व संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। भूतपूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने भी नए संगठन को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में बास्केटबॉल खेल के विकास के लिए निरंतर और सराहनीय कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि उनका संगठन सदैव खेल और खिलाड़ियों के हित में किए जाने वाले सभी सकारात्मक प्रयासों के साथ खड़ा रहेगा।

# राहुल-प्रियंका गांधी विचार मंच द्वारा सम्मान किया गया

**नवभारत, बालाघाट।** 09 जनवरी को कांग्रेस खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ, श्री प्रशांत मिश्रा के जिला बालाघाट आगमन पर नवनिर्मित खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जावेद अली, एवम् उनकी टीम राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच द्वारा स्वागत कर सम्मान किया एवम् प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार पूरे जिले में खेल एवम् खिलाड़ियों की स्थिति एवम् भावनाओं को उच्चश्रेणी में विकाश की ओर अग्रसित करने की दिशा निर्देश व खेल प्रोत्साहन करने की चर्चा की गई जिसमें मुख्य रूप से शामिल रहे। बालाघाट जिला कांग्रेस अध्यक्ष बैहर विधायक संजय सिंह उईके एवम् खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री अधिवक्ता राकेश सिंघारे, रेलवे ब्रॉडगेज संघर्ष समित अध्यक्ष अनूप सिंह बैंस, इंद्रजीत गौतम, अंशुमान गौतम, दिगम्बर डीक्वल, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग प्रकोष्ठ विधान सभा अध्यक्ष अरशद कुरैशी, राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच बालाघाट विधान सभा अध्यक्ष सुमेद बंसोड़ , राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच ग्रामीण अध्यक्ष राजेश कोलते, राजा पंचेश्वर।

# शाला पूर्व शिक्षा गतिविधि का आयोजन कर बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा दी

**नवभारत, बैहर।** महिला एवं बाल विकास बैहर, जिला-बालाघाट अंतर्गत संचालित समस्त 284 आंगनवाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा शाला पूर्व शिक्षा की गतिविधि प्रतिदिवस आयोजित की जाती है। शाला पूर्व शिक्षा 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चो को स्कूल जाने से पहले तैयार करने की एक प्रक्रिया है। शाला पूर्व शिक्षा गतिविधि के तहत खेल-खेल के माध्यम से बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा दी जाती है। शाला पूर्व शिक्षा गतिविधि के द्वारा बच्चों का शारीरिक, मानसिक, संज्ञानात्मक, भावनात्मक, सामाजिक, नैतिक विकास होता है। इसी तारतम्य में सेक्टर गढ़ी 02 की आंगनवाड़ी केन्द्र खोभाटोला पटवा एवं जाराटोला में दिनांक 09 जनवरी 2026 को शाला पूर्व शिक्षा गतिविधि का आयोजन कर बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा दी गई।

# जबलपुर महिला हॉकी स्टेट टूर्नामेंट की उपविजेता

**नवभारत, बालाघाट।** स्वर्गीय दीवान बहादुर एम.एम मुलना साहब की स्मृति में स्थानीय शहीद चन्द्रशेखर एस्टोटर्फ मैदान में 4 जनवरी से आयोजित हॉकी मध्यप्रदेश महिला स्टेट हॉकी टूर्नामेंट का फाइलन मैच 9 जनवरी को दोपहर 3 बजे से रायसेन व जबलपुर के मध्य खेला गया। इसमें रायसेन टीम 3-2 गोल से विजयी होकर टूर्नामेंट की सिरमौर बनी। ये मैच काफी रोमांचक हुआ और दोनों ही टीम के खिलाडियों ने बेहतर प्रदर्शन कर खेल प्रेमी दर्शकों को रोमांचित किया। टूर्नामेंट का सेमी फाइनल 9 जनवरी को ही सुबह जबलपुर व मंदसौर के बीच खेला गया। इसमें जबलपुर टीम 5-2 गोल से विजयी होकर फाइनल में प्रवेश किया था। वहीं रायसेन ने भोपाल को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई थी। टूर्नामेंट के फाइनल अवसर पर अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीतसिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रीमती अर्चना लोकरे, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, नेहरू स्पोर्टिंग क्लब अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी, हॉकी म.प्र उपाध्यक्ष विजय वर्मा, महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. सरिता चौरे, डॉ. साजिया तबस्सुम, डॉ. सुप्रिया बिसेन उपस्थित रहे। अतिथयों के हाथों विजेता व उपविजेता एवं तृतीय स्थान पर रही मंदसौर की टीम को ट्राफी व पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं हॉकी के लिये सदैव समर्पित रहने वाले विजय वर्मा, किरण भाई त्रिवेदी व वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी राजकुमार शांडिल्य को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के समापन अवसर पर नेहरू स्पोर्टिंग क्लब की सदस्यता शिक्षक नंदू तोमर द्वारा विधिवत ली गई। जिन्हें क्लब के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुये बधाई दी।

मैच के दौरान मंच का सफल संचालन सुशील वर्मा द्वारा किया गया व टूर्नामेंट के समापन की घोषणा हॉकी म.प्र उपाध्यक्ष विजय वर्मा द्वारा किया गया।

इस दौरान नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाडियों को बधाई देते हुये इस आयोजन को सफल बनाने के लिये सभी सहयोगी व खेल प्रेमी दर्शकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जिले में लगातार हॉकी का आयोजन हो रहा है। इसके पूर्व इंटर स्टेट मेन्स हॉकी टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया था। 11 जनवरी से अखिल भारतीय स्वर्ण कप हॉकी टूर्नामेंट का आयाजन किया जा रहा है। जिसमें देश की नामी गिरामी टीम हिस्सा ले रही है। जिससे जिले की जनता को बेहतर खेल देखने का अवसर मिलेगा।

## नगरवासियों को मिला स्वच्छ जल का भरोसा

**बालाघाट।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा नगर क्षेत्र में प्रदाय किए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक निरीक्षण एवं परीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 09 जनवरी को नगर के समस्त वार्डों में नागरिकों के घरों से पेयजल के सैंपल लेकर उनकी प्रयोगशाला में जांच कराई गई। मुख?य नगरपालिका अधिकारी वारासिवनी श्री सूर्यप्रकाश उके ने बताया कि पूर्व में नागरिकों से अपील की गई थी कि वे स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें तथा किसी भी वार्ड में गंदा अथवा अस्वच्छ पानी आने की स्थिति में तत्काल नगरपालिका कार्यालय को सूचित करें। इस पहल के तहत प्रत्येक वार्ड से घर-घर जाकर पानी के 5-5 सैंपल एकत्रित किए गए, जिन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया। जांच रिपोर्ट में नगर में प्रदाय किया जा रहा पेयजल शासन की गाइडलाइन एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पाया गया।

# आईजी ने विद्यार्थियों को सिखाए यातायात के नियम

▸ उत्कृष्ट विद्यालय में गूंजा सुरक्षा का मंत्र

**मण्डला।** पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट रेंज संजय कुमार के मार्गदर्शन में जिले में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों को सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य कल्पना नामदेव ने आईजी संजय कुमार का स्वागत कर किया। आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में साइबर सेल की जानकारी दी। यातायात सूबेदार योगेश ने हिट एंड रन योजना और कैशलेस इलाज की प्रक्रियाओं को समझाया। डीएसपी सतीश चतुर्वेदी ने पॉक्सो अधिनियम के महत्व पर प्रकाश डाला। एएसपी शिवकुमार वर्मा ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप की जानकारी दी।

**प्रश्नोत्तरी में जीते हेलमेट-** मुख्य अतिथि आईजी ने छात्रों से सीधा संवाद कर कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ती मृत्यु दर का मुख्य कारण जागरूकता की कमी है। इस दौरान एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें सही उत्तर देने वाले मेधावी छात्रों को आईजी द्वारा हेलमेट पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए।

**ग्राम बिनेका में हुआ जन-संवाद-**जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिनेका में जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां आईजी और एसपी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के समापन पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीओपी पीयूष मिश्रा, कोतवाली प्रभारी शफीक खान, यातायात प्रभारी ललित धुर्वे, महिला थाना प्रभारी आरती तेकाम, अखिलेश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और पुलिस बल उपस्थित रहा।

# डॉ . रोहित गुप्ता को मातृ शोक

**नवभारत, बालाघाट।** नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ रोहित गुप्ता की माताजी ज्योति अशोक गुप्ता 80 वर्षीय का कल शुक्रवार 9 जनवरी की प्रात: 7.30 बजे अस्वस्थता के चलते निधन हो गया।

माताजी का लंबे समय से उनके पुत्र के निजी चिकित्सालय आरोग्य हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था ! स्व. ज्योति गुप्ता के पार्थिव देह का अंतिम संस्कार आज सुबह 10 बजे उनके स्थाई निज निवास कटंगी से अंतिम यात्रा निकालकर स्थानीय मोक्षधाम कटंगी में किया जाएगा।विदित हो की उनके भरे-पूरे परिवार में तीन पुत्र जिसमें अतुल गुप्ता,रोहित गुप्ता और अभिजीत गुप्ता है।

स्नेहीजनों को माताजी के निधन का समाचार मिलते ही उनके निवास पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता दिन से लेकर रात तक लगा रहा। साथ ही नवभारत परिवार बालाघाट जिले की ओर से माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और प्रार्थना की गई की है कि भगवान उनकी आत्मा को अपने चरणों में जगह देवे।

## पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास

**मण्डला.** अपर सत्र न्यायालय निवास ने मामूली विवाद के दौरान पत्नी की हत्या करने के मामले में आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन जिला मंडला के अनुसार थाना निवास के अपराध क्रमांक 76/2022 से संबंधित सत्र प्रकरण क्रमांक 05/2022 में यह निर्णय 7 जनवरी 26 को सुनाया गया। न्यायालय ने ग्राम खुदरी निवासी आरोपी धरम सैयाम को भादंवि की धारा 302 के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।